तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज स्थगन प्रार्थना पत्र संख्याः 33/2024	नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म की तामिलगे जारी हुए
09–5–2025	प्रार्थी संतोष कंवर व अप्रार्थी संख्या 3 (फातिमा बानो) ने मूल निगरानी आवेदन में जरिये अधिवक्ता आज एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अनुरोध किया कि प्रकरण में पक्षकारान लोक अदालत की भावना से राजीनामा करना चाहते है, इसलिये प्रकरण की पत्रावली आज ही तलब की जावे। जिस पर इस स्थगन प्रार्थना पत्र की पत्रावली भी मूल निगरानी प्रकरण के साथ साथ आज प्रस्तुत हुई। प्रार्थीया संतोष कंवर व प्रार्थी के वकील श्री परीक्षित खरोर उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 3 व 4 के वकील उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 3 (फातिमा बानो) उपस्थित। प्रार्थी संतोष कंवर व अप्रार्थी संख्या 3 (फातिमा) ने मूल निगरानी आवेदन में आज एक और प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अनुरोध किया कि प्रकरण में प्रार्थी व अप्रार्थीगण के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है, इस कारण से पक्षकार प्रकरण को आगे चलाना नही चाहते है, इसलिये प्रकरण का लोक अदालत की भावना से जरिये राजीनामा निस्तारण किया जावे। चूंकि पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो जाने से प्रार्थीया संतोष कंवर प्रकरण को आगे चलाना नही चाहती है। अतः इस स्थगन प्रार्थना पत्र की पत्रावली भी मूल प्रकरण के साथ साथ निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत में दिनांक 10–5–2025 को पेश हो। **अति. जिला कलेक्टर, सिरोही**	

राष्ट्रीय लोक अदालत

(बैंच संख्याः 1)

समक्षः–

श्री सुरेन्द्र सिंह सांदू, अध्यक्ष, लोक अदालत
(न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, सिरोही)
डॉ. दिनेश राय सापेला, सदस्य, लोक अदालत, राजस्व मामलात
(अति. जिला कलेक्टर)
श्री बसन्त कुमार भाटी, सदस्य अधिवक्ता, लोक अदालत।

स्थगन प्रार्थना पत्र संख्याः– 33/2024
अनवान :– संतोष कुंवर बनाम ग्राम पंचायत, रामपुरा व अन्य

उपस्थितिः–

प्रार्थीया की ओर से अधिवक्ता श्री परीक्षित खरोर
अप्रार्थी संतोष कुंवर की ओर से अधिवक्ता श्री पी.एल. दवे

आदेश **दिनांकः 10–5–2025**

पत्रावली लोक अदालत बैच संख्या 01 के समक्ष मूल निगरानी प्रकरण के साथ साथ पेश हुई। मूल निगरानी प्रकरण में लोक अदालत की भावना से पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो जाने के कारण प्रार्थीया, प्रकरण को आगे नही चलाना चाहती है एवं राजीनामा के जरिये प्रकरण का निस्तारण करने का अनुरोध किया है। अतः प्रकरण को फैसल करने के लिये नियमित न्यायालय के समक्ष पत्रावली दिनांक 12–5–2025 को पेश हो।

अध्यक्ष लोक अदालत	**सदस्य लोक अदालत राजस्व मामलात**	**सदस्य लोक अदालत**

तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **स्थगन प्रार्थना पत्र संख्याः 33 / 2024**	नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म की तामिलमे जारी हुए
12—5—2025	पत्रावली मूल निगरानी प्रकरण के साथ साथ पेश हुई। प्रार्थी के वकील उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 3 व 4 के वकील उपस्थित। प्रार्थीया संतोष कुंवर व अप्रार्थी संख्या 3 (फातिमा बानों) ने दिनांक 09—5—2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर मूल निगरानी आवेदन में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अनुरोध किया कि इस प्रकरण में प्रार्थी व अप्रार्थीगण के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है, इस कारण से पक्षकार प्रकरण को आगे चलाना नही चाहते है, इसलिये इस प्रकरण का लोक अदालत की भावना से जरिये राजीनामा निस्तारण किया जावे। चूंकि पक्षकारान के मध्य राजीनामा हो जाने से प्रार्थीया संतोष कुंवर, इस प्रकरण को आगे चलाना नही चाहने से प्रार्थीया का मूल निगरानी आवेदन जरिये राजीनामा आज निर्णित हो चुका है। अतः तद्नुसार, प्रार्थीया का यह प्रार्थना पत्र भी जरिये राजीनामा इसी स्तर पर खारिज किया जाता है। निर्णय सुनाया गया। पत्रावली फेसल शुमार होकर नंबर से कम हो। **अति. जिला कलेक्टर, सिरोही**	